केस स्टडी- 1 (नवंबर-2023)

जारी तिथि : 02.11.23

SPAD

घटनाक्रम:- दि. 02.11.23 को पश्चिम मध्य रेल्वे के भोपाल मंडल में भोपाल – बीना सेक्शन के गंज बसौदा (BAQ) स्टेशन में गाड़ी संख्या 22221 DN (राजधानी एक्सप्रेस), लोको न. 30592 WAP-7 से कार्य करते समय गंज बसौदा (BAQ) स्टेशन का होम सिग्नल एक पीला तथा स्टार्टर सिग्नल लाल था तथा एडवांस स्टार्टर हरा दिया हुआ था। कर्मीदल ने एडवांस स्टार्टर के हरा संकेत को देखा परंतु स्टार्टर सिग्नल के संकेत को देखने में विफल रहा और स्टार्टर सिग्नल No. (S-14) को **ऑन स्थिति (लाल) में पार** किया गया। (समय: 03.38 Hrs.)

संभावित कारण :-

1. कर्मीदल द्वारा स्टार्टर सिग्नल के संकेत को देखने में विफल रहना।
2. कर्मीदल द्वारा होम सिग्नल एक पीला मिलने पर अगला सिग्नल (स्टार्टर) लाल होगा, इसका पालन न करते हुए गाड़ी की गति को नियंत्रित न करना।
3. कर्मीदल ने एडवांस स्टार्टर के हरा संकेत को देखा परंतु स्टार्टर सिग्नल के संकेत को न देखना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

1. एक पीला सिग्नल मिलने पर सतर्कता से आगे बढ़ते हुए **अगले रोक सिगनल पर गाड़ी रोकने के लिए** तैयार रहें
2. **सिग्नल लाल रहने पर सिग्मा बोर्ड से ही गाड़ी डेड-स्लो करके** रुकने के लिए तैयार रहें।
3. **रोड लर्निंग सही प्रकार से लें।**
4. एक पीला सिग्नल पार करने के बाद, ALP ने LP को याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल है जब तक की वह भौतिक रूप से सत्यापित नहीं कर लेता, **गाड़ी की गति न बढ़ाए एवं गाड़ी की गति को हमेशा नियंत्रण में रखें |**
5. लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट **स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ हाथ के इशारे से सिग्नल को ज़ोर से पुकारें।**
6. सहायक लोको पायलट खतरे की स्थिति भांपकर, **बिना झिझके RS खोलें।**
7. सिग्नल के लाल संकेत होने पर ALP **"फॉर पॉइंट एजेंडा"** का कड़ाई से पालन करें।

(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।